कार्यालय – प्राचार्य

# भक्त माता कर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय, बालोद, (छ.ग.)

WWW. govtgcbalod.ac.in Email- govtngcollegebalod@gmail.com

दिनांक – 01-12-2025

## // सूचना //

भक्त माता कर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर (नियमित/भूतपूर्व/एटीकेटी/प्राईवेट) तथा तृतीय सेमेस्टर (नियमित/प्राईवेट) (राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अंतर्गत) में अध्ययनरत् छात्रों के लिए ऑनलाईन पद्धति से विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाईट www.durguniversity.ac.in द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की गई है। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी कार्यालय कक्ष क्र. – 17 में समय – प्रातः 11:00 बजे से सांय – 03:00 बजे तक अग्रेषण शुल्क की राशि – 30=00 के साथ जमा करना सुनिश्चित करें।

संलग्न किये जाने आवश्यक दस्तावेज।

01. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की हार्ड कॉपी।
02. दसवीं, बारहवीं अंकसूची की छायाप्रति।
03. गतवर्ष उत्तीर्ण अंकसूची की छायाप्रति।
04. छ.ग. निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
05. आधार कार्ड की छायाप्रति।
06. प्रवेश कार्ड की छायाप्रति।
07. स्वाध्यायी विद्यार्थियों से महाविद्यालय आंतरिक परीक्षा एवं स्वाध्यायी विद्यार्थी प्रकोष्ठ हेतु शुल्क के रूप में प्रति सैद्धांतिक विषय 50=00 रूपये तथा प्रति प्रायोगिक विषय 100=00 रूपये। उपरोक्त राशि प्रति सेमेस्टर की दर से भुगतान किया जाना होगा।

नोट – विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की अधिसूचना चस्पा की जा रही है।

PRINCIPAL
BHAKT MATA KARMA
GOVT. GIRLS COLLEGE, BALOD
DISTT. BALOD (C.G.)

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम-दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)

Email.-exam@durguniversity.ac.in Website :- www.durguniversity.ac.in Phone No. 0788-2359100


क्र. 4457 सेमे./रा.शि.नी./परीक्षा/2025 दुर्ग, दिनांक 25/11/2025

## //अधिसूचना//

सत्र 2025–26 में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम./बी.एससी. गृहविज्ञान/बीबीए/बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर (नियमित/भूतपूर्व/एटीकेटी/प्राईवेट) तथा तृतीय सेमेस्टर (नियमित/प्राईवेट) (राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अंतर्गत) में अध्ययनरत छात्रों के लिए ऑनलाईन पद्धति से विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाईट www.durguniversity.ac.in द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:–

| विवरण | ऑनलाईन आवेदन करने की निर्धारित तिथि |
|---|---|
| बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम./बी.एससी. गृहविज्ञान/बीबीए/बी.सी.ए. प्रथम (नियमित/भूतपूर्व/एटीकेटी/प्राईवेट) एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित/प्राईवेट) विद्यार्थियों हेतु | 29.11.2025 से 10.12.2025 तक |
| परीक्षा आवेदन करने की तिथि (विलंब शुल्क रू. 100/– सहित) | 11.12.2025 से 13.12.2025 तक |
| परीक्षा आवेदन करने की तिथि (विलंब शुल्क रू. 200/– सहित) | 14.12.2025 से 15.12.2025 तक |
| परीक्षा आवेदन करने की तिथि (विलंब शुल्क रू. 500/– सहित) | 16.12.2025 से 17.12.2025 तक |
| परीक्षा आवेदन करने की तिथि (विलंब शुल्क रू. 500/– + रू. 100/– प्रतिदिन सहित) | 18.12.2025 से 21.12.2025 तक |
| **परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन भरे गए परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों में जमा करने की अंतिम तिथि** | 29.11.2025 से 22.12.2025 तक |
| **महाविद्यालयों द्वारा परीक्षार्थियों के जमा कराये गए आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी, परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, गोसवारा, न्यूमेरिकल रिटर्न प्रपत्र, ऑनलाईन रोल लिस्ट, ऑनलाईन वैरिफाईड लिस्ट, परीक्षार्थियों की संख्यात्मक जानकारी (Student Count Summary) के साथ संबंधित परीक्षा केन्द्र में जमा करने की अंतिम तिथि** | 23.12.2025 तक |
| **संबंधित परीक्षा केन्द्रों द्वारा समस्त परीक्षा आवेदन फार्म विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि** | 24.12.2025 तक |

### विद्यार्थियों हेतु निर्देशः–

1. परीक्षा आवेदन फार्म भरने के लिए अधिकृत वेबसाईट www.durguniversity.ac.in होगी।
2. प्रथम सेमेस्टर के नियमित/प्राईवेट विद्यार्थी प्रवेश/नामांकन फार्म भरते समय उपयोग की गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर परीक्षा आवेदन फार्म भर सकेंगे।
3. तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी द्वितीय सेमेस्टर के समय उपयोग की गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर परीक्षा आवेदन फार्म भर सकेंगे।
4. यदि विद्यार्थी प्रथम सेमेस्टर एटीकेटी एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं तो उन्हें प्रत्येक परीक्षा हेतु पृथक–पृथक परीक्षा आवेदन फार्म भरना अनिवार्य है।
5. परीक्षा आवेदन की हार्ड कॉपी (प्रिंट आउट) समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में निर्धारित अंतिम तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

6. परीक्षा आवेदन जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित विद्यार्थी का परीक्षा आवेदन फार्म निरस्त कर दिया जायेगा।
7. परीक्षा आवेदन करने में यदि किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या का सामना करना पड़े तो विद्यार्थी विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन **Help Desk for Payment related queries - 8871580649 Technical Help Desk - 08062526431 : 0 is Mandatory to make a Call Email Help Desk : onlinehelp@durguniversity.in** पर सम्पर्क कर सकेंगे।
8. किसी भी परीक्षार्थी को एक सत्र में विश्वविद्यालय की एक से अधिक उपाधि/डिप्लोमा परीक्षाओं में सम्मिलित होने की **पात्रता नहीं है** (केवल डी.सी.ए. वन ईयर पार्ट टाइम पाठ्यक्रम को छोड़कर)।
9. परीक्षार्थियों को अग्रेषण शुल्क के रूप में राशि रू. 30/– (तीस रूपये) अतिरिक्त का भुगतान परीक्षा आवेदन फार्म जमा करते समय संबंधित महाविद्यालय/केन्द्र पर करना होगा। जिसकी पावती संबंधित महाविद्यालय/केन्द्र विद्यार्थियों को प्रदान करेंगे।
10. महाविद्यालय उपरोक्त अग्रेषण शुल्क के अतिरिक्त यदि किसी भी प्रकार का शुल्क विद्यार्थियों से लेते हैं तो उसकी रसीद संबंधित विद्यार्थियों को प्रदान करना अनिवार्य है।
11. विद्यार्थी बिना रसीद के किसी भी प्रकार की अतिरिक्त राशि महाविद्यालय में जमा नहीं करेंगे।

## //परीक्षा शुल्क विवरण (प्रति सेमेस्टर)//

| क्र0 | कक्षा/परीक्षा का नाम | परीक्षा शुल्क (नियमित/भूतपूर्व) | परीक्षा शुल्क (प्राईवेट) | परीक्षा शुल्क (एटीकेटी) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बी.ए./बी.कॉम. | 1100/– | 1610/– | 820/– |
| 02 | बी.एससी./बी.एससी. गृह विज्ञान | 1130/– | 1610/– | 1075/– |
| 03 | बी.सी.ए. | 1810/– | – | 1075/– |
| 04 | बी.बी.ए. | 1330/– | – | 825/– |

**उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार अन्य शुल्क निम्नानुसार देय होगाः–**

12- अप्रवासन शुल्क (छ.ग. के बाहर के बोर्ड अथवा अन्य विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले छात्रों के लिए) – रू. 360
13- विवाहोपरांत नाम/उपनाम परिवर्तन शुल्क – रू. 180 (केवल महिलाओं के लिए)
14- संकाय परिवर्तन शुल्क – रू. 120
15- विषय/प्रश्नपत्र परिवर्तन शुल्क – रू. 120

**अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक टीपः–**

1. महाविद्यालय द्वारा अग्रेषण शुल्क के रूप में ली गई राशि रू. 30 (तीस रूपये) में से 15 रू. प्रति विद्यार्थी की दर से संबंधित परीक्षा केन्द्र में जमा करेंगे।
2. महाविद्यालयों/केन्द्रों के प्राचार्य संबंधित अध्यादेश क्र. 205 (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020) के प्रावधानों के तहत छात्रों के परीक्षा आवेदन को परीक्षण उपरांत अग्रेषित करेंगे।
3. महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा जिन कक्षा/विषयों की सम्बद्धता विश्वविद्यालय से प्राप्त नहीं है, उनके परीक्षा आवेदन अग्रेषित न किए जाये।
4. प्राचार्य विश्वविद्यालय के अध्यादेश में छात्रों के लिए उल्लेखित न्यूनतम उपस्थिति की सत्यापन करने के पश्चात ही छात्रों के परीक्षा फार्म को ऑनलाईन अग्रेषित करेंगे।
5. परीक्षा शुल्क सूची/गोसवारा (न्यूमेरिकल रिटर्न)/नॉमिनल रोल प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.durguniversity.ac.in से डाउनलोड कर प्रयोग में लाया जाना है।

6. परीक्षार्थियों की पूर्व परीक्षाओं की अंकसूचियाँ (यदि अंकसूची अप्राप्त हो तो इंटरनेट से प्राप्त की गई अंकसूची) अनिवार्यतः संलग्न कर ही आवेदन पत्र अग्रेषित किए जायें।
7. यदि अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा किसी परीक्षार्थी के आवेदन पत्र की हार्डकॉपी को पात्रता न होने पर भी अग्रेषित कर दिया जाता है तथा विश्वविद्यालय द्वारा बाद में परीक्षण किए जाने पर परीक्षार्थी का आवेदन निरस्त किया जाता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व अग्रेषणकर्ता अधिकारी का होगा।
8. जो परीक्षार्थी आतंरिक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल नहीं हुए हों या सेमेस्टर के मध्य में अंतराल (गेप) हो उनके आवेदन अग्रेषित न किये जाए।
9. **महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने लागइन आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर अपने महाविद्यालय के अन्तर्गत अध्ययनरत परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन को Student Exam Form Verification पर जाकर ऑनलाईन माध्यम से भी वेरिफाई करेंगे। परीक्षार्थियों के आवेदनों को ऑनलाईन वेरिफाई नहीं करने की स्थिति में उनका प्रवेश पत्र जारी नहीं हो पायेगा**, अतः ऑनलाईन माध्यम से परीक्षा आवेदन को संबंधित महाविद्यालय द्वारा वेरिफाई करना अनिवार्य है। तत्पश्चात ही उनके परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी संबंधित परीक्षा केन्द्र में जमा करेंगे।
10. महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि संबंधित महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की कक्षावार सूची एवं परीक्षा आवेदन Verification किए गये परीक्षार्थियों की संख्यात्मक जानकारी परीक्षा केन्द्र में परीक्षा आवेदन जमा करते समय अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। संख्यात्मक Summary महाविद्यालय आई.डी. पर उपलब्ध है। यदि किसी कक्षा में भरे गये परीक्षा आवेदन Verification नहीं किया जाता है तो उक्त कक्षा के परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

टीपः—किसी अपात्र विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरा जाता है तो उसका परीक्षा फार्म/परीक्षाफल निरस्त कर दिया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित छात्र एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।

आदेशानुसार
(हस्ताक्षर)
कुलसचिव

पृ.क्र. 446 /सेमे./रा.शि.नी./परीक्षा/2025 — दुर्ग, दिनांक 25/11/2025

प्रतिलिपिः—
1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन, नवा रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. कलेक्टर—दुर्ग/बेमेतरा/बालोद/कबीरधाम/राजनांदगांव/मोहला—मानपुर—चौकी/खैरागढ़—छुईखदन—गंडई।
5. पुलिस अधीक्षक— दुर्ग/बेमेतरा/बालोद/कबीरधाम/राजनांदगांव/मोहला—मानपुर—चौकी/खैरागढ़—छुईखदन—गंडई।
6. प्राचार्य, संबंधित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
7. वित्त अधिकारी/अधिष्ठाता छात्र कल्याण/उ.कु.स./स.कु. परीक्षा/गोपनीय/अकादमिक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
8. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
9. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र जिला— दुर्ग/बेमेतरा/बालोद/कबीरधाम/राजनांदगांव/मोहला—मानपुर—चौकी/खैरागढ़—छुईखदन—गंडई।

(हस्ताक्षर)
उपकुलसचिव